# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–13.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर में आयोजित समारोह में झारखंड के एक लाख तेरह हजार से अधिक लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी करेंगे।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी विभिन्न राज्यों के लिए कई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल तैयारियों की करेंगे समीक्षा।
- भारतीय खादय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को त्यौहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट पर कड़ी नजर रखने का दिया निर्देश।
- रांची, खूंटी, सिमडेगा और गुमला समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से तीन दिन भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट।
- राजधानी रांची समेत राज्यभर में करम पूर्व संध्या समारोह का हुआ आयोजन, कल मनेगा प्रकृति पर्व करमा।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर में आयोजित समारोह में झारखंड के एक लाख तेरह हजार से अधिक लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी करेंगे। श्री मोदी 21 हजार करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रधानमंत्री जमशेपुर के गोपाल मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। श्रीमोदी जमशेदपुर से विभिन्न राज्यों के लिए कई वंदे भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। इसे लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव कल जमशेदपुर में कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने जमशेदपुर में पार्टी नेताओं के साथ बैठक की और प्रधानमंत्री के आगमन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। इस बीच नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है।

***************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज पाकुड़ में पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जनाक्रोश रैली में राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्रीमरांडी ने आदिवासियों की घटती आबादी को चिंताजनक बताते हुए राज्य सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य में बिचौलिये हावी हो गये हैं।

***************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 और 20 सितंबर को झारखंड दौरे पर आयेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति रांची के नामकुम सिथत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान और भारतीय लाह अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के रांची दौरे को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से 19 सितंबर और 20 सितंबर को सुबह पांच बजे से रात दस बजे तक रांची के बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से राजभवन और कार्यक्रम स्थल के दो सौ मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगाते हुए नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। इस दौरान इन इलाकों में ड्रोन कैमरा, पैराग्लाइडिंग या हॉट एयर बैलून के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है।

***************

भारतीय खादय सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को त्यौहारो के दौरान मिलावटी मिठाई और दुग्ध उत्पाद बनाने तथा बेचने वालों पर कड़ी नजर रखने का आदेश दिया है। एक रिपोर्ट–

***************

राष्ट्रीय़ पोषण माह के तहत पलामू के सिक्का मोड़ पर हिंडालको की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को अपने खान पान और बच्चों को दूध पिलाने के दौरान सफाई का ध्यान

रखने की सलाह दी गई। बता दें कि सितंबर महीने में केंद्र सरकार के महिला तथा बाल विकास मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज बोकारो के ललपनिया से झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना की दूसरी किस्त जारी की। इस योजना के तहत अब तक 48 लाख से ज्यादा महिलाओं का निबंधन हुआ है। इस दौरान श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए काम कर रही है।

***************

केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही ड्रोन दीदी योजना का लाभ उठाकर रांची की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

***************

राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने आज रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो के माध्यम से किसानों को लाभ मिलेगा।

***************

जामताड़ा जिले की पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक एहतेशाम वकारीब ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से आठ लाख इक्कीस हजार रुपए नगद, आठ मोबाईल फोन, आठ सिमकार्ड, सात एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

***************

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर है। अलग–अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनेवाले बच्चे राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। बता दें कि केंद्रीय महिला तथा बाल विकास मंत्रालय बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता और उत्साह को दर्शाने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन करता है।

***************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में कल से तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया है कि इस दौरान रांची के अलावा खूंटी, सिमडेगा, गुमला और पश्चिमी सिंहभूम समेत राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश के आसार हैं।

***************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में प्रकृति पर्व करमा कल धूमधाम से मनाया जायेगा। इससे पहले आज रांची, चतरा समेत कई जिलों और शैक्षणिक संस्थानों में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। करमा पूजा के दौरान करम डाली की पूजा कर भाई के दीर्घायु होने और अच्छी फसल तथा परिवार की खुशहाली की कामना की जाती है।

***************

अब संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया है।
- बोकारो स्थित जैप 4 परिसर में आयोजित दो दिवसीय झारखंड सशस्त्र पुलिस क्षेत्रीय शूटिंग प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। शूटिंग प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब झारखंड सशस्त्र पुलिस .जैप 4 बोकारो को मिला, जबकि द्वितीय जैप 1 रांची और तृतीय स्थान जैप 5 देवघर को मिला। विजेताओं को पुलिस महानिरीक्षक राज कुमार लकड़ा ने सम्मानित किया।

*******समाप्त*******